आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 06.04.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को राज्य की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मध्यकालीन और दीर्घकालिक योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड के लोक पर्व 'फुल देई' पर बनाई गई लघु एनिमेटेड फिल्म का वेव्स के अवार्ड इन एक्सीलेंस के लिए हुआ चयन।
- यूसीसी के महानिबंधक डॉ. वी. षणमुगम ने अधिकारियों को अल्मोड़ा में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
- राम नवमी का पावन पर्व प्रदेशभर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

राज्य की आर्थिक व्यवस्था

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को राज्य की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मध्यकालीन और दीर्घकालिक योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में वित्त विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के समावेशी विकास के लिए नए संसाधन जुटाने की दिशा में प्रयास करने की बात कही। उन्होंने विभागों को दिसम्बर माह तक बजट का 80 प्रतिशत तक खर्च करने के निर्देश दिए।

श्री धामी ने बजट खर्च की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल सिस्टम लागू करने और जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा।

उन्होंने राज्य की गोल्डन जुबली वर्ष तक राज्य की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए सुनियोजित प्लान बनाने पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के साथ मानव संसाधन की क्षमता विकास, शिक्षा स्वास्थ्य और खेल में निवेश करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण करने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सब्सिडी पात्र लोगों को ही मिले।

बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले तीन वर्षों में राज्य की जीएसडीपी वृद्धि दर लगातार 13 प्रतिशत से अधिक रही।

'वेव्स'–1

उत्तराखंड के लोक पर्व 'फुल देई' पर बनाई गई लघु एनिमेटेड फिल्म का वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट– वेव्स के अवार्ड इन एक्सीलेंस के लिए चयन हुआ है। क्रीएट इन इंडिया चैलेंज प्रतियोगिता के अंतर्गत शॉट्र्स मेकिंग वर्ग में देहरादून निवासी, फिल्म मेकर और एनिमेटर कार्तिक महाजन ने इस फिल्म को बनाया है।

इस वर्ग में देशभर से आई कई एंट्रीज में से कुल 26 फिल्मों को ही चुना गया है, जिनमें से कार्तिक महाजन की एनिमेटेड लघु फिल्म 'फुल देई' भी शामिल है। कार्तिक ने बताया कि फुल देई एक एनिमेटेड फिल्म है, इसलिए इसकी एक–एक फ्रेम को हाथों से बनाया गया है। इस फिल्म को बनाने में उन्हें तीन वर्ष का समय लगा है। कार्तिक ने बताया कि इस फिल्म में संगीत उत्तराखंड के चर्चित पांडवाज बैंड ने दिया है।

कार्तिक बताते हैं कि वेव्स के लिए नामित हुई फुल देई एनिमेटेड फिल्म की खास बात ये है कि इसमें उत्तराखंड के नैसर्गिक सैंदर्य से सजे पहाड़ों को उन्होंने बहुत खूबसूरती से परोसने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को भारत सहित विश्व के लगभग 70 फिल्म उत्सवों में प्रदर्शित और पुरस्कृ त किया गया है। कार्तिक की फिल्म फुल देई को बीते वर्ष जापान के टोकियो में आयोजित होने वाले डीजिकॉन एशिया अवार्ड में इंडियन गोल्ड अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा कार्तिक को अर्नब चौधरी यंग डायरेक्टर्स अवार्ड और 2024 में एनन अवाड्र्स में 'यंग एनिमेटर ऑफ द ईयर' अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

'वेव्स'–2

विश्व मीडिया जगत के तमाम क्षेत्रों को एक छत के नीचे लाने के उद्देश्य से भारत सरकार का सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय मुंबई में वेव्स समिट का आयोजन करने जा रहा है। प्रथम विश्व दृष्य–श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन यानि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट– वेव्स, ये अपने किस्म का पहला शिखर सम्मेलन है, जो 1 मई से 4 मई तक मुबंई में प्रस्तावित है। वेव्स शिखर सम्मेलन एक ऐसा वैश्विक मंच है, जिसमें मीडिया के तमाम प्लेटफार्म जैसे रेडियो, सोशल मीडिया, फिल्म निर्माण, रील मेकिंग, एनीमेशन, गेमिंग, ब्रॉडकास्टिंग सहित 32 क्षेत्रों में क्रीएट इन इंडिया चैलेंच प्रतियोगिताओं के माध्यम से देशभर के इन क्षेत्रों से जुड़े पेशेवरों और युवाओं को वैश्विक मंच प्रदान करना है। इन तमाम प्रतियोगिताओं में आई एंट्रिज में कुछ के विजेता घोषित किए जा चुके हैं और कुछ अंतिम चरण के लिए चुनी गई हैं।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, इस वर्ष दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम 30 अप्रैल से पहले घोषित कर सकता है। परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद गत 21 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य आरम्भ हुआ जोकि 4 अप्रैल को पूरा हो चुका है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष मूल्यांकन प्रक्रिया में कुछ बदलाव के कारण परीक्षा परिणाम जल्द घोषित किए जाने की उम्मीद है।

यूसीसी

यूसीसी के महानिबंधक डॉ. वी. षणमुगम ने अल्मोड़ा जिले में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन को लेकर में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान जिले में समान नागरिक संहिता पंजीकरण की प्रगति, उससे संबंधित व्यावहारिक समस्याओं और समाधान पर चर्चा की गई। आकाशवाणी से बातचीत में डॉ. षणमुगम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य यूसीसी पंजीकरण से संबंधित व्यावहारिक दिक्कतों की पहचान करना, उनके समाधान के लिए रणनीति तय करना और फील्ड स्तर के अधिकारियों से सुझाव प्राप्त करना था। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को यूसीसी की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के निर्देश दिए गये है।

केंद्रीय विद्यालय

टिहरी जिले के मदन नेगी और नरेंद्र नगर में स्वीकृत एक–एक केंद्रीय विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में मदन नेगी में भी विद्यालय भवन की मरम्मत का कार्य शुरू होने जा रहा है। वहीं नरेंद्रनगर में केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला खेल कार्यालय के समीप शहीद भगत सिंह नेगी राजकीय इंटर कॉलेज नरेंद्र नगर का स्थलीय निरीक्षण कर शिक्षकों और अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय संचालन की योजना तैयार कर शिक्षा निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय में खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला खेल कार्यालय में बैडमिंटन हॉल का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है।

राम नवमी

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आज भक्त मां दुर्गा के नौवें स्वरूप की उपासना कर रहे हैं। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में सुबह से पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्रि की नवमी को राम नवमी भी कहा जाता है। नवमी के दिन घर पर कन्यापूजन करने के बाद नवरात्रि का समापन होता है। कुछ लोग ने कल अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लेकर नवरात्र साधना का परायण किया। नवमी पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों  पर मेले का आयोजन भी किया जा रहा है।

राज्य के राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। रामनवमी पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम" का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श है। उनके चरित्र में निहित धर्म, सत्य, त्याग, सेवा और करुणा जैसे मूल्य हमें एक श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी का यह पावन अवसर न केवल प्रभु श्रीराम के जन्म का उत्सव है, बल्कि यह हमें उच्च नैतिक आदर्शों, सामाजिक मर्यादाओं और परोपकार की भावना को आत्मसात करने का संदेश भी देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम हमारी आस्था के प्रतीक हैं, उनका आदर्श चरित्र हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम का व्यक्तित्व धैर्य, मर्यादा, त्याग, तपस्या, नैतिक आचरण, सदाचार व परोपकार से युक्त गुणों का उदाहरण प्रस्तुत करता है।